आकाशवाणी, भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 18 .05.2025 समय : 07.10AM

मुख्य समाचार :-

- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- भारत की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है ऑपरेशन सिंदूर।
- तिरंगा यात्रा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक नई शक्ति बन रहा।
- वीर शासकों के सम्मान में बनाए जा रहे प्रदेश के पहले 'भोज नर्मदा द्वार' का आज होगा भूमि पूजन।
- आज कई जिलों में चल सकती है लू, कुछ जगहों में बारिश के आसार।

ऑपरेशन सिंदूर अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत की सुरक्षा नीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ बताया है। गुजरात के गांधीनगर में कल एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिक्रिया में एक ऐतिहासिक बदलाव है। श्री शाह ने कहा कि इस ऑपरेशन में प्रमुख आतंकी संगठनों के कमांड सेंटरों के साथ-साथ पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में नौ अन्य प्रशिक्षण शिविरों को नष्ट कर दिया गया। 100 से अधिक आतंकवादियों को मार गिराया गया। श्री शाह ने कहा-

मुख्यमंत्री तिरंगा यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्तमान युग में एक नई शक्ति के रूप में उभर रहा है। ऑपरेशन सिंदूर से थल, वायु और नौसेना ने अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय देते हुए दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब दिया है। भारतीय सेना ने मात्र 4 दिन के अल्प समय में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। यह बातें कल मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल जिले के बैरसिया में निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस अभियान ने दुनिया को भारत की सैन्य क्षमता, एकजुटता और आधुनिक तकनीकी सामर्थ्य का परिचय दिया है। आतंकवाद के मंसूबों को ध्वस्त किया गया है। आज कोई भी शक्ति भारत की प्रगति को रोक नहीं सकती। हम सभी इस तिरंगा यात्रा से भारतीय सेना को सम्मान देने के लिए एकत्र हुए हैं।

तिरंगा यात्रा प्रदेश

सैनिकों के सम्मान के लिए **खंडवा** में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा भीमराव अंबेडकर तिराहे से प्रारंभ हुई। **गुना** वीर सैनिकों के साहस, शौर्य और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। **रीवा** में तिरंगा यात्रा के दौरान भारत माता के जयकारों से पूरा शहर गूंज उठा। उधर, **मंडला** में तिरंगा यात्रा में कैबिनेट मंत्री सम्पतियां उईके व मंडला सांसद फग्गनसिंह कुलस्ते शामिल हुए। **शिवपुरी** में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया तिरंगा यात्रा में शामिल हुए। **सतना** में राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह तिरंगा थामें यात्रा में पैदल चले। **रायसेन** में भारत माता की जय के जयघोष लगाए गए। बैतूल में तिरंगा यात्रा का नेतृत्व केंद्रीय राज्यमंत्री

जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके ने किया। वहीं, **शहडोल**, **नीमच**, **झाबुआ** जिलों में भी तिरंगा यात्रा निकाली गई।

**राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा**

हमारे लिए राष्ट्र प्रथम है और देशभक्ति से बढ़कर कुछ नहीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने इस बात को साबित भी किया है। अब आकाशवाणी भोपाल आपको मौका दे रहा है अपनी देशभक्ति की भावनाओं को जाहिर करने का.. । प्रादेशिक समाचार एकांश भोपाल द्वारा राष्ट्र प्रथम : देशभक्ति का जज्बा नाम से एक कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। इस कार्यक्रम में आप अधिकतम 40 सेंकड का एक वीडियो संदेश बनाकर देश के प्रति अपनी भावनाओं का इजहार कर सकते हैं। इस संदेश को रिकार्ड कर हमारे WhatsApp नंबर 94065 23035 पर अपने नाम और स्थान के साथ भेज दीजिए। हम आपके संदेशों को रोज अपने समाचारों, समसामयिक कार्यक्रमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर साझा करेंगे। नंबर एक बार फिर सुन लीजिए 94065 23035। आईये अब सुनते हैं खंडवा जिले के दुर्गेश नागनपुरे का ये संदेश।

**भोज नर्मदा द्वार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज नर्मदापुरम, समरधा में 'भोज नर्मदा द्वार' का भूमि-पूजन करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रदेश की पहचान हमारे वीर शासकों से रही है। मध्यप्रदेश का गौरव रहे सम्राट विक्रमादित्य को आज भी न्यायप्रियता, पराक्रम और लोक कल्याण के लिये जाना जाता है। वहीं राजा भोज को महान शिक्षक और योद्धा के रूप में याद किया जाता है। इसलिए राजधानी भोपाल के प्रमुख मार्गों पर राजा भोज, विक्रमादित्य जैसे महापुरूषों के नाम से द्वार बनाये जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव नीमच में स्थापित 10 मेगावॉट सौर ऊर्जा संयंत्र का लोकार्पण भी करेंगे।

**जल गंगा संवर्धन**

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेश में जल संरक्षण के कई कार्य किये जा रहे हैं। इस बीच, सिंगरौली का नदी पुनर्जीवन अभियान चर्चा में है। सिर्फ बारिश के दिनों बहने वाली कंचन नहीं अब बारह मासी कल-कल बह रही है। जिला पंचायत के सीईओ गजेंद्र सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2022-23 से यहां 8 छोटी-बड़ी नदियों के पुनर्जीवन परियोजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया गया था। वर्तमान में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत 32 सौ से अधिक नवीन जल संरचनाओं का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है, जिनमें 32 अमृत सरोवर प्रमुख हैं। कंचन नदी में पड़ने वाले 10 ग्राम पंचायत में 169 जल संरचनाएं निर्मित की गई हैं। नदी में 120 मीटर की चौड़ाई में गेवियन सह मेशनरी संरचना का निर्माण अत्यंत कम लागत में किया गया है।

**मौसम अपडेट**

प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से कई हिस्सों में हो रही बारिश का दौर थम गया है। इस कारण तापमान में वृद्धि होने लगी है। कल छतरपुर जिले के खजुराहो में अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री

सेल्सियस पहुंच गया। ग्वालियर में 44.2, भोपाल में 40.8, गुना में 43.02, रायसेन में 41.6, उज्जैन में 39.5, जबलपुर में 41.2 डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान दर्ज हुआ। वहीं, बैतूल में 17 मिली मीटर बारिश हो गई। गुना में 0.2, नौगांव में 5 और सीधी में एक मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग ने आज गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुर, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले में लू चलने एवं नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, झाबुआ, धार, इंदौर, सिवनी, छिंदवाड़ा, मंडला, बालाघाट और पांढुर्णा जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी दी है।

**समाचार संक्षेप .....**

- कोलकाता नाइट राइडर्स - केकेआर आईपीएल 2025 से बाहर हो गई क्योंकि कल शाम एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में मेजबान रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु- आरसीबी के साथ उनका मैच भारी बारिश के कारण बिना टॉस के ही रद्द कर दिया गया।
- नर्मदापुरम जिले के केसला ब्लॉक में पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।
- जबलपुर में वर्ल्ड टेलीकम्युनिकेशन एंड इनफार्मेशन डे के उपलक्ष्य में कल इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जबलपुर द्वारा सेमिनार का आयोजन किया गया।
- कटनी  जिले को नवीन केन्द्रीय स्कूल की सौगात मिली है। इस स्कूल के संचालन हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी नें निरीक्षण किया।
- केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल शिवपुरी भ्रमण के दौरान जिला अस्पताल पहुंचकर विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- सतना सांसद गणेश सिंह ने कहा कि बरसात से पहले सिंचाई परियोजनाओं की नहरों और जल जीवन मिशन के सभी कार्य तेजी से पूर्ण करें।
- रीवा के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के 45 विद्यार्थियों ने बेला स्थित अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट का औद्योगिक भ्रमण किया।
- नीमच में राजस्व विभाग की टीम ने रामपुरा में तीन करोड़ रूपये बाजार मूल्य की 15 हजार से अधिक वर्ग फीट शासकीय जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया है।

-------